द्वारा 'ई' मेल/अति आवश्यक/समयबद्ध

# पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8वाँ तल, टावर–4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226002 : e-mail: tshq@up.nic.in

पत्र संख्याः टीएससी–25/2021 | 3744 दिनांकः जुलाई 08, 2024

सेवा में,

1– पुलिस अयुक्त, वाराणसी।

2– अपर पुलिस महानिदेशक, पी0टी0सी0सीतापुर।

3– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
बगपत, बलिया, बॉदा, हाथरस, कन्नौज, लखीमपुर–खीरी, कुशीनगर, महराजगंज, पीलीभीत, सन्तकबीर नगर,, शामली, सिद्धार्थनगर,।

विषय : उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा संशोधित) के अनुसार कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर चयन हेतु बोर्ड प्रपत्रों का मिलान कराने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक कृपया इस मुख्यालय के सम संख्यक पत्र दिनांक 10–06–2024 एवं अनुस्मारक पत्र दिनांक 15–06–2024, 19–06–2024, 20–06–2024, 28–06–2024 व 02–07–2024 तथा इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना के पत्र संख्याः 18–कम्प्यू0ऑ0ग्रेड–ए से ग्रेड–बी/2021 दिनांक 24–06–2024 तथा विभिन्न जोन/रेन्ज द्वारा आपको सम्बोधित निर्गत पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से ग्रेड–बी की पदोन्नति हेतु बोर्ड प्रपत्रों को अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ मिलान कराने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं।

उक्त सम्बन्ध में कृपया अवगत कराना है कि उपरोक्त पत्रों द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किए जाने एवं तैयार किए जाने वाले बोर्ड प्रपत्र का हस्ताक्षरित प्रारूप भेजे जाने के पश्चात भी आपके जनपदों/इकाईयों के सम्बन्धित लिपिकों द्वारा भेजे गए पत्रों का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है तथा त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र व अपूर्ण चरित्र पंजिकाओं के साथ कर्मी मिलान कराने हेतु उपस्थित हो रहे हैं। त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र व अपूर्ण चरित्र पंजिका होने के कारण उन्हें अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं/त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कर पुनः मिलान कराने हेतु वापस किया जा रहा है। कतिपय जनपद से चरित्र पंजिका लिपिक स्वयं न आकर साथ में लगे मु0आ0/आरक्षी अथवा किसी अन्य को मिलान कराने हेतु भेजे जा रहे हैं, जिसके कारण उन्हें बताने का पश्चात भी दुबारा मिलान कराने हेतु आने पर त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र/अपूर्ण चरित्र पंजिका ला रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पदोन्नति प्रकिया शीध्र पूर्ण कराये जाने हेतु शासन/उच्चाधिकारियों द्वारा निरन्तर जोर दिया जा रहा है, जो बोर्ड प्रपत्रों के मिलान न होने के कारण उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा भेजा जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः निदेशानुसार कृपया अनुरोध है कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुरूप तैयार करने हेतु प्रधान लिपिक/चरित्र पंजिका लिपिक को निर्देशित करने का कष्ट करें तथा अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ तत्काल इस मुख्यालयउ में उपस्थित होकर मिलान करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि मुख्यालय स्तर पर सूचना संकलित कर प्रोन्नति की प्रकिया को पूर्ण कराने हेतु उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को उपलब्ध कराया जा सके।

**(रईस अख्तर)**
**पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक,**
**उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ**
**नि0-अपर पुलिस महानिदेशक,**
**तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित हैः-**

1- सदस्य/अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।

2- अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना।

3- अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएँ, उ0प्र0, लखनऊ।

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने स्तर से भी सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें:-**

4- समस्त अपर पुलिस महानिदेशक, जोन, उ0प्र0।

5- समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र, उ0प्र0।

6- पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर, प्रयागराज/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद- अलीगढ़, अयोध्या, बाराबंकी, बस्ती, बुलन्दशहर, गोरखपुर, झाँसी, मऊ, मुज्जफरनगर, सम्भल को इस अनुरोध के साथ कि आपके जनपद से कमशः 01, 04, 04, 02,उ 02, 06, 03, 02, 01, 01 05, 04 चरित्र पंजिकायें अद्यावधिक न होने अथवा बोर्ड प्रपत्र त्रुटिपूर्ण होने के कारण वापस की गयी हैं, जिसे अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं एवं त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र इस मुख्यालय में उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

6- प्रभारी वेवसाइट को तकनीकी सेवाएँ की वेवसाइट पर अपलोर्ड करने हेतु।